श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
10.03.2026
चैत्र कृष्णपक्ष सप्तमी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 199

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:15 बजे
अस्त - 06:10 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 21 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

राम कथा को अपने जीवन में उतारें : मिथिलेश >> पेज 03
...रश्मिका का दिल छू लेने वाला जवाब >> पेज 05

## सुविचार

एक हीरो किसी आम आदमी से ज्यादा बहादुर नहीं होता, लेकिन वह पांच मिनट तक ज्यादा बहादुर रहता है।

## न्यूज अपडेट्स

### अधिकारियों की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग पर जांच का आश्वासन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को दो शीर्ष अधिकारियों (आईएएस और आईपीएस) के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी। वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है। मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है।

**बजट सत्र** झारखड विधानसभा में सारंडा में उग्रवादी गतिविधियों पर हुई चर्चा

# बीओआई के साथ एमओयू पर सवाल

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के साथ राज्य सरकार के हुए एमओयू से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सदन में चर्चा हुई। वहीं सारंडा क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत बहस हुई।



विधायक अमित कुमार यादव ने सदन में सवाल उठाते हुए पूछा कि बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू के तहत मिलने वाली सुविधाएं क्या राज्य के मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सचेतकों और विभिन्न बोर्ड, निगम तथा आयोगों के अध्यक्षों के साथ काम करने वाले निजी सचिवों और सहायकों को भी मिलेंगी। उन्होंने विशेष रूप से बाहरी कोटा से नियुक्त कर्मियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें भी जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, आवास ऋण और शिक्षा ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए एमओयू के तहत सरकारी और संविदा कर्मियों को बीमा और ऋण की सुविधाएं दी जा रही हैं, बशर्ते उनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया में हो। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा विभिन्न बोर्ड, निगम और आयोगों के अध्यक्षों के साथ काम करने वाले बाहरी कोटा के कर्मी भी इन सुविधाओं के पात्र होंगे। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ये सुविधाएं संबंधित कर्मियों को तब तक मिलती रहेंगी, जब तक वे अपने पद पर कार्यरत रहेंगे और उनका सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ इंडिया में रहेगा। इसी दौरान सदन में सारंडा क्षेत्र में बढ़ती उग्रवादी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक सरयू राय ने सरकार से कई सवाल उठाते हुए कहा कि गृह विभाग की ओर से दिए गए उत्तर में अनुलग्नक संलग्न होने की बात कही गई थी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि बिना अनुलग्नक के दिया गया उत्तर अधूरा प्रतीत होता है और इससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती। सरयू राय ने यह भी सवाल किया कि सारंडा क्षेत्र में ही उग्रवादी गतिविधियां अधिक क्यों देखने को मिलती हैं। उन्होंने इसके पीछे खनन, गरीबी और बेरोजगारी जैसे कारणों की संभावनाओं पर भी सवाल उठाया। साथ ही उन्होंने पिछले 20 वर्षों का तुलनात्मक आंकड़ा उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई से कितनी सफलता मिली है। उन्होंने आईईडी विस्फोटों में जवानों की शहादत पर चिंता जताते हुए पूरे क्षेत्र में आईईडी का सर्वे कराने की भी मांग की। इस पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार उग्रवादी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि सारंडा का घना जंगल उग्रवादियों के लिए छिपने का सुरक्षित स्थान बन जाता है, जिससे उन्हें अपनी गतिविधियां चलाने में आसानी होती है। मंत्री ने कहा कि पिछले 24 वर्षों की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सारंडा क्षेत्र में सबसे प्रभावी कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की आत्मसर्पण नीति के कारण कई उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि पहले की तुलना में अब उग्रवादी गतिविधियां काफी कम हो गई हैं और यह लगभग 10 से 20 प्रतिशत तक रह गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जो लोग भटक गए हैं, वे धीरे-धीरे मुख्यधारा में वापस आएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उग्रवाद पर नियंत्रण पाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

### ईटखोरी को अनुमंडल बनाने की मांग, विशेष सचिवों के वेतनमान पर सवाल

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को कई अहम मुद्दे सदन में उठे। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने चतरा जिले के ईटखोरी प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग रखी, वहीं विधायक नीरल पूर्ति ने विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़ा मामला उठाया। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने सदन में कहा कि ईटखोरी प्रखंड भौगोलिक क्षेत्र, जनसंख्या और प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से अनुमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करता है। उन्होंने बताया कि ईटखोरी में प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर स्थित है, जहां हर साल राजकीय महोत्सव आयोजित होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे प्रशासन और पुलिस पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में यदि ईटखोरी को अनुमंडल का दर्जा मिल जाता है, तो प्रशासनिक व्यवस्था संभालना काफी आसान हो जाएगा और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि फिलहाल राज्य सरकार की उच्चस्तरीय कमेटी के पास ईटखोरी को अनुमंडल बनाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। वे जिला प्रशासन और आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव सरकार तक भेजवाएं। इस पर विधायक कुमार उज्ज्वल ने आश्वासन दिया कि वे इस प्रक्रिया को जिला स्तर से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान विधायक नीरल पूर्ति ने झारखंड प्रशासनिक सेवा नियमावली 2015 में संशोधन और विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या विशेष सचिवों के लिए ग्रेड पे 10,000 यानी लेवल-14 सुनिश्चित करने के लिए नियमावली में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव है। इस पर राज्य के संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि फिलहाल झारखंड प्रशासनिक सेवा के तहत उप सचिव, संयुक्त सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारी एक ही वेतनमान और श्रेणी में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रमुख और इंजीनियरिंग विभाग में अभियंता प्रमुख का ग्रेड पे 10,000 है, जो लेवल-14 के अंतर्गत आता है। मंत्री ने बताया कि इस मामले में संबंधित विभागों से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि क्या निदेशक प्रमुख और अभियंता प्रमुख के पद विशेष सचिव के समकक्ष माने जा सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि इन पदों को लेवल-14 की मान्यता प्राप्त है तो अन्य विभागों में कार्यरत विशेष सचिवों को भी उसी आधार पर लेवल-14 पर प्रोन्नत करने और समान वेतनमान देने पर सरकार विचार करेगी।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मिलकर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के बारे में दी जानकारी

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न विकास और लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस और यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख



नीतियों एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए, जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास और आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन और राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

## झारखंड का भविष्य बना रही सरकार : कल्पना

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में सोमवार को बजट के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की बजट में वृद्धि और विकास होने के बावजूद विपक्ष को परेशानी होती है, जबकि अबुआ सरकार राजनीति नहीं बल्कि झारखंड का भविष्य बनाने के लिए काम कर रही है। जब से गठबंधन की सरकार बनी है, तब से राज्य का बजट 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर एक लाख 58 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यानी बजट में करीब 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना काल जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद झारखंड की आर्थिक विकास दर



प्रभावित नहीं हुई और राज्य ने लगातार प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हमारा अबुआ दिशोम बजट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड का भविष्य, आकांक्षा और स्वाभिमान है। बजट केवल कागजों या आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। राज्य की आधी आबादी युवा, बुर्जूग माताएं बहने हर वर्ग के लिए यह बजट है। बजट की बड़ी राशि, युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने में खर्च की जाएगी। कल्पना सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 40 विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा में सफलता हासिल की है। इससे स्पष्ट होता है कि सही नीतियों का परिणाम जमीन पर दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि राज्य में सड़कों का जाल भी तेजी से बढ़ा है और सड़कों की लंबाई 5000 किलोमीटर से बढ़कर 15000 किलोमीटर हो गई है। रेलवे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि रेलवे के संचालन में झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए केंद्र सरकार से आग्रह है कि झारखंड से जुड़ी रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

**झारखंड विधानसभा में अवैध अफीम खेती का मुद्दा गरमाया, विधायक प्रदीप यादव ने भी राष्ट्रीय मुद्दे उठाए**

# 2024-25 में 27,215 एकड़ जमीन पर अफीम की अवैध खेती

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को होली के लंबे अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें राज्य में बढ़ती अवैध अफीम की खेती का मामला प्रमुख रहा। लिट्टिपाड़ा से विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में राज्य में बढ़ रही अवैध अफीम की खेती को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध खेती हो रही है, जो कानून व्यवस्था और समाज के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होंने सदन को बताया कि पिछले कुछ वर्षों में अफीम की खेती के आंकड़ों में लगातार वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, वर्ष 2020-21 में 2871 एकड़, वर्ष 2022-23 में 5494 एकड़ और वर्ष 2023-24 में 4853 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती पाई गई थी। जबकि वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा अचानक बढ़कर 27,215 एकड़ तक पहुंच गया है। हेमलाल मुर्मू ने राज्य सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध खेती आखिर किसके सहयोग से हो रही है। उन्होंने पिछले चार वर्षों में दर्ज मामलों, लंबित जांच और दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। विधायक के सवालों का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2024-25 में विभिन्न जिलों में 27,215 एकड़ जमीन पर अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आया था। सरकार ने



विशेष अभियान चलाकर इस अवैध फसल को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। यदि इस मामले में किसी अधिकारी या व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अभी तक पुलिस विभाग के किसी अधिकारी की संलिप्तता सामने नहीं आई है।

### प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों और यूपीएससी के सफल युवाओं को दी बधाई

पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव ने सदन में टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफल हुए झारखंड के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना की। विदायक ने रांची के मोहम्मद इश्तियाक रहमान, धनबाद के शुभम कुमार महतो और दुमका की सुदीपा दत्ता सहित कई सफल उम्मीदवारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन युवाओं की सफलता पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सरकार से इन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने की मांग की। प्रदीप यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति और राष्ट्रीय संप्रभुता के मुद्दे को भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि तेल खरीद जैसे मामलों में भी भारत को अमेरिका की अनुमति लेने की बात सामने आती है। प्रदीप यादव ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र देश है और उसे अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार फैसले लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस दिशा में सख्त कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में देश के आत्मसम्मान और स्वतंत्र निर्णय क्षमता को बनाए रखना बेहद जरूरी है।



# कैसरे हिंद की जमीन पर बनी दुकानों में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई : सुदिव्य

**रांची।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 9 वें दिन सोमवार को नगर विकास, पर्यटन, पथ और उच्च शिक्षा विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार समावेशी बजट तैयार किया है। सदन में विपक्ष के कटौती प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए मंत्री ने कहा कि कैसरे हिंद की सरकारी जमीन है। यहां पर दुकानें नहीं बन सकती। यदि कैसरे हिंद की जमीन पर आवंटित दुकानों में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में पथ निर्माण विभाग ने 88.89 प्रतिशत, नगर विकास विभाग ने 83 प्रतिशत, उच्च शिक्षा विभाग ने 54.27 प्रतिशत, भवन निर्माण विभाग ने 85.46 प्रतिशत और पर्यटन, खेलकूद, कला-संस्कृति विभाग ने लगभग 63 प्रतिशत बजट राशि खर्च कर ली है। उन्होंने कहा कि केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास ही नहीं, बल्कि लोगों के पेट में अनाज होना भी उतना ही जरूरी है। यह बजट झारखंड के सपनों को नई उड़ान देने वाला है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने तो स्कूल बंद करने का काम किया था। लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार का शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत चीजों पर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि नेतरहाट जैसा बेहतर स्कूल को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें प्रवेश परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की गुणवत्ता का मुकाबला निजी स्कूल भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 1.33 प्रतिशत और माध्यमिक स्तर पर 3.49 प्रतिशत रह गई है। मंत्री ने बताया कि राज्य के लगभग 34 हजार स्कूलों के लिए बजट का 12 प्रतिशत खर्च किया जा रहा है। राज्य के 11 नगर निकायों में कचरा प्रोसेसिंग का काम शुरू हो चुका है और माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि विपक्ष को कटौती प्रस्ताव वापस लेना चाहिए ताकि राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही स्पीकर ने नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा सहित छह विभागों के कटौती प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए उनकी मांगें स्वीकृत कर दी। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## भाजपा ▶ विधायक दल की बैठक में लिया गया निर्णय

# सदन में भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरेगी भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में पार्टी की ओर तय किया गया कि वह सदन में भ्रष्टाचार और बेलगाम नौकरशाही के मुद्दे पर हेमंत सरकार को घेरेगी। बैठक की अध्यक्षता नेता विधायक बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

बैठक में सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, सत्येंद्र नाथ तिवारी, डॉ निरा यादव, राज सिन्हा, अमित कुमार यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, डॉ शशिभूषण मेहता, नागेंद्र महतो, रोशन लाल चौधरी, कुमार उज्जवल, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, शत्रुघन महतो, मंजू कुमारी उपस्थित थे।



विधायक दल की बैठक के बाद विधानसभा के मुख्य सचेतक और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधानसभा सत्र आहूत होने के समय सभी जनप्रतिनिधि नगर निकाय चुनाव में व्यस्त थे और उसके बाद होली पर्व के कारण भी व्यस्तता रही। आज सभी विधायकों की बैठक में राज्य की मौजूदा परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार के सवा वर्ष के कार्यकाल में राज्य में जो हालात उत्पन्न हुए हैं, उस पर सभी विधायकों ने बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थिति को विधानसभा के अंदर और बाहर मजबूती के साथ उठाया जाएगा। यदि पार्टी को संघर्ष करना पड़ा तो संघर्ष भी किया जाएगा।

वहीं बैठक में विधायकों ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और नौकरशाही हावी हो गई है। जनप्रतिनिधियों की बात सुनने वाला कोई नहीं है। आम जनता परेशान है और अपनी शिकायतें लेकर आती है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

बैठक में राज्य में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल संकट, बिजली की समस्या, किसानों से धान की खरीद में हो रही देरी, बालू की किल्लत, कोयले की लूट और बिना पैसे दिए सरकारी काम नहीं होने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। साथ ही युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़, जेटेट परीक्षा से जुड़े मुद्दे और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

विधायकों ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। हत्या, लूट और रंगदारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और व्यापारी वर्ग भयभीत हैं। आम लोग डर के कारण घर से बाहर निकलने में भी असहज महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि यह सरकार है या सर्कस। विधानसभा सत्र में सभी विधायक एक स्वर में इन मुद्दों को जोरदार तरीके से सदन में उठाएंगे और जनता की आवाज बुलंद करेंगे।

## रेस्टोरेंट हत्याकांड पर डीजीपी ने की उच्चस्तरीय बैठक, अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश

**रांची।** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटियातू स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई हत्या की घटना को लेकर झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने सोमवार को रांची पुलिस के आला अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने घटना में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सूचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। इस बैठक में एडीजी मनोज कौशिक, रांची के एसएसपी राकेश रंजन, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा, सिटी एसपी पारस राणा तथा एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य



अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने टीटॉस रेस्टोरेंट घुसकर गोलीबारी की थी। इस दौरान मनीष गोप नामक व्यक्ति को गोली लग गई थी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद रांची पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि होटल संचालक ने दिसंबर महीने में ही एयरपोर्ट थाना पुलिस को धमकी मिलने की सूचना दी थी। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों ने एक दिन पहले रेस्टोरेंट में घुसकर होटल संचालक के चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। इधर, रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटना पर भी डीजीपी ने संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए डीजीपी ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना में शामिल चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है।

## न्यूज अपडेट्स

### सेना के जवान ने की खुदकुशी

रांची। राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र के स्मार्ट सिटी में एक सेना के जवान के खुदकुशी करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की गई है। मृत युवक की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है। वह सेना का जवान था और दिल्ली में पोस्टेड था। वहीं, मृतक के पिता प्रमोद कुमार और पत्नी ने हत्या कर खुदकुशी दिखाने का आरोप लगाया है। धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो ने बताया कि अमन यादव ने किस वजह से खुदकुशी की है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही सही कारण का पता चल पायेगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

रांची। रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने 25 फरवरी की रात हुई विजय कुमार दास की हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने सोमवार को बताया कि यह हत्या प्रेम प्रसंग के कारण की गई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों रोशनी देवी, सीमा देवी और भूपेश बैठा को गिरफ्तार किया है। मृतक विजय कुमार दास और रोशनी देवी में प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया जाता है कि इन लोगों के बीच अवैध संबंध था। इसके कारण रोशनी देवी मृतक विजय कुमार दास पर शादी करने का दबाव बना रही थी। विजय कुमार दास शादी करने से बार-बार मना कर रहा था। विजय कुमार दास ने जब शादी करने से इनकार कर दिया तब रोशनी देवी अपनी बहन और भाई के साथ उसकी हत्या करने का प्लान बनाया और अपने नवनिर्मित मकान में विजय कुमार दास को शराब का सेवन करने के लिए बुलाया।

## ग्रामीण उद्यमियों के उत्पादों को बेहतर मंच देने लिए अन्य जिलों में भी लगेगा सरस मेला : मंत्री



**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में सोमवार को राजकीय हस्तकरघा और सरस मेला का भव्य शुभारंभ सोमवार को किया गया। सरस मेला का उद्घाटन उद्योग मंत्री संजय यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। यह मेला 09 मार्च से 20 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों और उद्यमियों के करीब 620 स्टॉल लगाए गए हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में झारखंड सहित देश के कई राज्यों के हस्तकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है। यहां पारंपरिक वस्त्र, तसर और सिल्क के परिधान, हैंडलूम साड़ियां, लकड़ी और बांस से बने उत्पाद, जूट के सामान, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं, घरेलू उपयोग की चीजें और कई तरह के पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इस मेले में झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों को भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर मिला है। मेला शुरू होते ही बड़ी संख्या में लोग मोरहाबादी मैदान पहुंच रहे हैं और विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी कर रहे हैं। राजधानी के लोगों के लिए यह मेला खरीदारी के साथ-साथ पारंपरिक कला और संस्कृति से जुड़ने का भी अवसर बन गया है। मेले में अलग-अलग राज्यों की झलक देखने को मिल रही है, जहां कारीगर अपने-अपने क्षेत्र की विशेष कला और उत्पादों को लेकर पहुंचे हैं। मेले में पहुंचे कई उद्यमियों और कारीगरों का कहना है कि इस तरह के आयोजन उनके लिए बेहद फायदेमंद साबित होते हैं। उन्हें अपने उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने और नए बाजार से जुड़ने का अवसर मिलता है। इससे उनकी आय बढ़ने के साथ-साथ उनकी कला को भी पहचान मिलती है। वहीं कई कारीगरों का कहना है कि ऐसे मेलों के जरिए उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने और नए ग्राहक बनाने का मौका मिलता है, इससे उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प, हस्तकरघा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता काफी अच्छी है और उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि रांची में इस तरह के आयोजनों की सफलता को देखते हुए राज्य के अन्य जिलों में भी सरस मेला और हस्तकरघा मेले आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर मंच मिल सके। मंत्री ने कहा कि यह मेला उद्यमियों के लिए जहां लाभकारी साबित हो रहा है, वहीं खरीदारी करने वाले लोगों के लिए भी एक नया अनुभव है।

## फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस से किया आग्रह

# सड़क किनारे नशेड़ियों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के तत्वावधान में सोमवार को सदर थाना में पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के व्यवसायियों ने अपने क्षेत्र की समस्या और सुझावों से थाना प्रभारी को अवगत कराया। व्यवसायियों ने मुख्य रूप से बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पुलिस गश्ती बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जरूरी कार्रवाई का भरोसा दिलाया और व्यवसायियों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। चर्चा के क्रम में थाना क्षेत्र के व्यापारियों और थाना के पदाधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप का गठन करने का निर्णय लिया गया ताकि किसी भी समस्या या सूचना का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने क्षेत्र के चौक-चौराहों, सड़कों के किनारे और दुकानों के बाहर नशेड़ियों



की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। वहीं कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया और कई क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। व्यवसायियों ने बताया कि कोकर डिस्टिलरी पुल पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बैठक के दौरान एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने के मामले में थाना स्तर पर कार्रवाई में हो रही देरी पर भी सदस्यों ने आपत्ति जताई और त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में थाना स्तर पर दो पीसीआर पूरी तरह सक्रिय हैं। किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर पर डायल करने पर निकटतम पीसीआर तुरंत सहायता के लिए पहुंच जाएगी। वहीं लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि चेंबर की ओर से बैठक का उद्देश्य व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित करना है। ऐसी बैठकों से समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है। चेंबर भविष्य में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऐसी बैठकों का आयोजन करता रहेगा, ताकि व्यापारियों की सुरक्षा और व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने भी इस प्रकार की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने पर बल दिया, ताकि आपसी समन्वय के माध्यम से क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य मनीष सर्राफ, अमित शर्मा, अनीश बुधिया, कोकर व्यापार संघ के प्रमोद सिंघानिया, जयदेव धुत ने भी अपने विचार साझा किया। बैठक में रतन अग्रवाल, आशीष दास, विजय महतो, बिपिन वर्मा, आनंद जैन, आशीष सिंह, अरुण अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, बरुन कुमार, संतोष उरांव, संजय खेतान सहित कोकर क्षेत्र के कई व्यापारी और उद्यमी उपस्थित थे।

# राजस्व कार्यों और पीएम-किसान योजना की समीक्षा बैठक, डीसी ने दी त्वरित निष्पादन के निर्देश



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय राजस्व कार्यों एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी दिनेश यादव ने की। बैठक में डीसी ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने सीएस-आरएस सर्वे रिपोर्ट, जनता दरबार से संबंधित मामलों, जिला एवं अंचल स्तर पर म्यूटेशन की प्रगति, सू-मोटो म्यूटेशन, पार्टिशन म्यूटेशन तथा सक्सेशन म्यूटेशन के मामलों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही भूमि सीमांकन, परिशोधन, भूमि अधिग्रहण से जुड़े म्यूटेशन, डीसीएलआर अपील तथा ई-रेवेन्यू कोर्ट से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाय तथा आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने प्रमाण पत्र निर्गमन, राजस्व संग्रहण एवं राहत से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुये कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाये रखने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करते हुये सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम जनता को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है जिसके लिये सभी पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर एसी राज महेश्वरम, एसडीएम संजय कुमार, भूमि उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा, भूमि उप समाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह सहित जिले के सभी सीओ मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### श्री शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुई जिप सदस्य रंजनी शर्मा



**खरौंधी :** प्रखंड में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने यज्ञशाला में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पंचकर्मा अनुष्ठान में भाग लेते हुये क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिये प्रार्थना की। मौके पर रंजनी शर्मा ने कहा कि श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिये एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस महायज्ञ के आयोजन से पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बनेगा। महायज्ञ के समापन के बाद उन्होंने उपस्थित महात्मा से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं के आशीर्वाद से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों का जीवन सुखमय बनेगा। महायज्ञ में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अध्यात्म

### नौ दिवसीय विराट श्री रुद्र महायज्ञ प्रारंभ

# राम कथा को अपने जीवन में उतारें : मिथिलेश ठाकुर

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा-मझिआंव रोड में जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट श्री रुद्र महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। यहां प्रतिदिन संध्या काल में श्री अयोध्या धाम से पधारे हुये कथा व्यास पंडित पंकज शांडिल्य जी महाराज की ओर से श्रीराम कथा अमृतवर्षा के सरस और संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को प्रथम दिन जलयात्रा के बाद संध्या में कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कथामंडपम का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विशिष्ट अतिथि एसडीओ संजय कुमार पांडेय, श्री रुद्र महायज्ञ के प्रधान संयोजक राकेश पाल, यज्ञाधीश आचार्य श्री श्री आशीष वैद्य जी महाराज ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने महायज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन की महता पर प्रकाश डालते हुये जागृति युवा क्लब द्वारा किये जा रहे सामाजिक, धार्मिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्म के प्रति सजग रहना चाहिये। यदि हम कर्मठ होंगे तो हमारा जीवन सुखद होगा। अध्यात्म हमें मानसिक शांति की ओर ले जाता है। श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी राम कथा सुनकर उसे अपने जीवन में उतारें तभी यज्ञ एवं राम कथा की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि राम कथा से जीवन जीने की शिक्षा मिलती है। हमें अपने कर्म अच्छे करने चाहिये तभी भगवान खुश होंगे एवं जीवन सार्थक होगा। यज्ञाधीश आचार्य श्री श्री आशीष वैद्य जी महाराज जी ने सनातन संस्कृति के कार्यों में महायज्ञ की प्रधानता पर चर्चा करते हुये जागृति युवा क्लब के भागीरथ प्रयासों की सराहना की। महायज्ञ के प्रधान संयोजक राकेश पाल ने सभी उपस्थित अतिथियों का श्रीराम कथा मंडपम के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिये धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि इस बंडा पहाड़ पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर एवं यहां के सभी लोगों के सार्थक प्रयास से आज इतने बड़े महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य पंडित पंकज शांडिल जी महाराज ने वंदना के साथ प्रथम दिवस की कथा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि राम कथा मुक्ति का मार्ग है परमात्मा की दो शक्तियां हैं-भक्ति और माया। जिन लोगों ने भक्ति का मार्ग अपनाया उनका जीवन सुखद है जिन लोगों ने माया का मार्ग अपनाया वे सांसारिक बंधनों में जकड़े रहते हैं। महायज्ञ आयोजन समिति सह जागृति व क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल, विनोद पाठक ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य मनोज ठाकुर, श्री कृष्ण गौशाला समिति के शिव शंकर गुप्ता, मानस मंडली गढ़वा के द्वारकानाथ पांडेय, अनुज प्रसाद, बुद्धदेव पाल, अजय केशरी, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल एवं सचिव विनय कुमार पाल, ओमप्रकाश पाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण व श्रोता उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियों ने दी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की चेतावनी

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों और मानदेय भुगतान में हो रही देरी के विरोध में राज्य मनरेगा संघ के आह्वान पर बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर जाने की घोषणा की। कर्मियों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से मानदेय का भुगतान लंबित है, जिससे कर्मियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग करने के बावजूद भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। राज्य मनरेगा संघ के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान कार्य बहिष्कार किया जायेगा, जिससे मनरेगा से जुड़े विकास कार्य प्रभावित होने की संभावना है। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जायेगी। मौके पर बीपीओ आनंद कुमार रजक, जेई प्रमेंद्र कुमार विश्वकर्मा, लेखापाल सुनील तिवारी, रोजगार सेवक जय राम, तहमीद अंसारी, परमानंद ठाकुर, किशोर कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, दयानंद प्रजापति, धर्मराज सिंह समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल




**रमना :** राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर सोमवार को प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के पहले दिन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से लेकर रोजगार सेवक तक ने कार्य का बहिष्कार करते हुये प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना दिया। इस दौरान कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुये सीओ विकाश पांडेय को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। धरना को संबोधित करते हुये कर्मियों ने कहा कि पिछले सात महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अल्प मानदेय में कार्य करने के बावजूद सरकार सेवा स्थायीकरण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार मांगों पर विचार नहीं करेगी तो सभी मनरेगा कर्मी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रदर्शन में रोहित कुमार शुक्ला, शैलेश कुमार, मनीष जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, श्रीराम, रोहित कुमार राम, आलोक तिवारी, रीना कुमारी, अनिल दास, धर्मेंद्र कुमार दुबे सहित प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी शामिल थे।

### कांग्रेस की ओर से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित



**रमना :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बबलू बियार के आवास पर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्वावधान में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ तिवारी, नसीम अंसारी व मुसाहिद अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों के सुख-दुख में भागीदारी करें तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इससे संगठन मजबूत होगा। वहीं जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि बूथ, पंचायत व प्रखंड स्तर पर कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं। कार्यक्रम में बीस सूत्री उपाध्यक्ष रमना मंसूर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, उपाध्यक्ष अमित मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष जमालुद्दीन अंसारी, बबलू बियार, हकीमुद्दीन अंसारी, आनंद कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ओंकार नाथ झा के निधन पर शोक सभा



**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र के डीलर संघ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। कार्यक्रम में गढ़वा जिला अध्यक्ष कमलेश्वर दुबे सहित प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि और डीलर उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि ओंकार नाथ झा सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते थे और उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में प्रबोध सिंह, प्रभु नाथ गुप्ता, संजय पासवान, अभय चौबे, सरयू राम, विनोद यादव, कमलेश बैठा, रेयासत अंसारी, नरेश बैठा, शिव कुमार यादव, भगवान मेहता, जवाहर उरांव, हलकनिया देवी, रेखा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वर्णिम कला कुंज मंच का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

# एहसासात की एक कहानी है औरत, रूका ...

बंशीधर न्यूज




**रांची :** स्वर्णिम कला कुंज मंच की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हर नारी के मन की बात को अभिव्यक्त करने के लिये काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संस्थापिका डॉ रजनी शर्मा चंदा ने मंत्र उच्चारण एवं सरस्वती वंदना से की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुरेंद्र कौर नीलम ने किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनील कुमार, रेनू झा रेणुका, पुष्पा सहाय गिन्नी, रेणु त्रिवेदी मिश्रा, श्वेता कुमारी आदि जुड़े। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडेय ने किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष रूप से सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉ सुरिन्दर कौर नीलम ने कहा कि नारी सृष्टि की जननी हैं, किन्तु पुरुष के योगदान के बिना संभव नहीं। जितनी तेजी से नारियों की शिक्षा, हर क्षेत्र में उसकी उड़ान और विचारों ने प्रगति की है उसकी तुलना में पुरुषों की मानसिकता में धीरे-धीरे परिवर्तन हो रहा है। नारी को अपनी प्रगति के साथ आधुनिकता की मर्यादित परिभाषा समझनी होगी और पुरुषों को अपने घर से ही नारी सम्मान की शुरूआत करनी होगी। परिवार की एकता से ही समाज और देश की तरक्की संभव है। श्वेता कुमारी ने सशक्त और गहरी बात को रचना प्रस्तुति में सुनाते हुये प्रश्न किया कि 'छोटी नन्हीं नाजुक फूलों को जब तुम मयार्दा का पाठ पढ़ाते हो बताओ जरा क्या तुम भी अपनी मयार्दा जान पाते हो?चिल्लाना, चिखना और डरना ये जो तुम हमें समझाते हो बताओ जरा उसके दिल को भी समझ पाते हो?' पुष्पा सहाय 'गिन्नी' ने नारी मन की बात को बहुत ही बेहतरीन तरीके से कहा कुछ ज्वलंत प्रश्नों को उन्होंने सहजता से पूछा कि 'कहां... कब... होगी भोर, हृदय मचाता रहता शोर, कहने को स्वतंत्र है नारी, लेकिन अपने ही घर में परतंत्र है नारी। रेणु मिश्रा ने सुमधुर स्वर में गजल से अपने जज्बातों को बयां किया 'एहसासात की एक कहानी है औरत, रूका हुआ आंखों में पानी है औरत, अपनी हस्ती औरों पे कुर्बान करे..इतनी अफजल, इतनी दानी है औरत। वहीं कार्यक्रम का संचालन करते हुये रुचि पांडेय ने मधुर गीत में मन के भावों को दशार्या। रेनू झा रेणुका ने नारी सशक्तिकरण को नये अंदाज में पेश किया हे नारी लिबास सम्मान तेरा, सभी की नजरों में मान तेरा, ना छोड़ यूं मयार्दा, तुझसे, धर्म, सृजन है। डॉ सुनील कुमार ने सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि जीवन से जुड़ी हर नारी का सम्मान करना चाहिये। अंत में कार्यक्रम संयोजिका डॉ रजनी शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुये कहा कि स्त्री पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। समाज में महिलाओं के बढ़ने से समाज का सर्वाधिक विकास संभव है।



# भक्ति-श्रद्धा के संग 19 मार्च से शुरू होगा 59वां श्री रामचरितमानस यज्ञ

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर के पावन प्रांगण में 59वां श्री रामचरितमानस यज्ञ आगामी 19 मार्च से श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में प्रारंभ होगा। यज्ञ का विधिवत शुभारंभ 18 मार्च की संध्या बेला में हनुमंत पूजन के साथ किया जाएगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोष तिवारी उर्फ रिंकू ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की एक प्राचीन और गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो वर्षों से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ता आ रहा है। भारत की सुविख्यात मानस कोकिला देवी चंद्रकला अपनी मधुर वाणी में संगीतमय रामचरितमानस पाठ एवं व्याख्यान प्रस्तुत करेंगी, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में डूब जाएंगे। साथ ही अन्य विद्वान मानस वक्ता भी अपने ओजस्वी और प्रेरक प्रवचनों से धर्मप्रेमियों का मार्गदर्शन करेंगे। यज्ञ के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है। प्रवीण तिवारी उर्फ बंटू को कार्यकारी अध्यक्ष, संतोष तिवारी उर्फ पिंकू को मंत्री, जबकि मनोज तिवारी, सत्य प्रकाश एवं पारस विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। विनय प्रसाद संगठन मंत्री तथा पंकज सिंह सह संगठन मंत्री होंगे। विकास तिवारी को भंडारा एवं प्रसाद व्यवस्थापक, संदीप विश्वकर्मा को पूजा पंडाल व्यवस्थापक एवं भानु पांडेय को कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मार्गदर्शक मंडल में कुणाल शांति प्रिय, बबलू तिवारी, गुड्डू तिवारी, धनंजय तिवारी, सुशील तिवारी एवं अखिलेश तिवारी को शामिल किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में छोटू पाठक, श्याम देव तिवारी, आर्यन तिवारी, पिंटू, संजय राम, लल्लू राम, कालु, गौतम, बलवंत एवं बबलू विश्वकर्मा को दायित्व सौंपा गया है। यज्ञ के समन्वय एवं मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नवीन तिवारी को दी गई है।

## न्यूज अपडेट्स

### डालटनगंज-विश्रामपुर को जोड़ने के लिए कोयल नदी पर बने पुल : आलोक



**मेदिनीनगर :** विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा सत्र के दौरान डाल्टनगंज और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने के लिए कोयल नदी पर पुल निर्माण का महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से चली आ रही आवागमन की बड़ी समस्या दूर हो जाएगी। विधायक चौरसिया ने बताया कि प्रस्तावित पुल चैनपुर प्रखंड के लिधकी से बाजार घाट, प्रखंड पड़वा के ग्राम गाड़ी खास में कुलदीप महतो के चैंबर के सामने कोयल नदी पर बनाने का प्रस्ताव है। खासकर विद्यार्थियों, मरीजों और ग्रामीणों को पड़वा मुख्य बाजार, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल तथा कजरी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि पुल के निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को भी नई गति मिलेगी। इससे व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों का शहर से संपर्क और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण पुल निर्माण योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से जल्द राहत मिल सके।

## श्री बंशीधर नगर

### बीपीओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

# कक्षा 1-7 तक की परीक्षा ससमय लेने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद ने सोमवार को प्लस टू हाइस्कूल के सभागार में सभी उच्च, उत्क्रमित उच्च, मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में बीपीओ ने वर्ग एक से सात तक के सभी विद्यालयों में एस ए टू की परीक्षा निर्धारित तिथि को ससमय लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के बाद सभी कॉपियों का मूल्यांकन कर परीक्षाफल घोषित करेंगे तथा परीक्षाफल को ई विद्या वाहिनी पर अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि यू डायस स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन और ड्रॉप बॉक्स का कार्य भी पूर्ण करें। श्री प्रसाद ने गढ़वा लर्न्स गढ़वा लीडस प्रोग्राम पर विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि प्रखंड में नोडल का गठन कर लिया गया है, जो निम्नलिखित है। मिशन रेड अलर्ट शशिकांत यादव शिक्षक-छात्रों का उपस्थिति, प्रयास प्रोजेक्ट इंपैक्ट, फ्रॉम एजुकेशन प्रोस्पेरिट संजय कुमार निपुण भारत, एफएलएन आदि गढ़वा स्पीक-पम्पा साह लोकवाचन, लोकभाषा, स्मार्ट क्लास फॉर स्मार्टर माइंड संजय मेहता, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास, ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल कमलेश पांडेय, इको क्लब, एसएचडब्लू एंड असैनिक कार्य, पीएम पोषण अखिलेश प्रसाद, परख तस्लीमा खातून, एजीनाईट इन्नोवेशन विजयानन्द तिवारी, डिजिटल स्कूल नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बीपीओ ने कहा कि आप सबों की जबाबदेही से प्रखंड को बेहतर अनुभव मिलेगा। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कहा जीरो कॉस्ट, अपार आईडी, विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण, शिक्षकों व बच्चों का ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करें। उन्होंने कहा कि रेल परीक्षा की उपस्थिति व परीक्षा फल परिणाम को भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। श्री चौबे ने कहा कि पाठ योजना जेगुरुजी एप पर अपलोड करें, यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करने का सुझाव दिया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, लेखापाल प्रदीप शुक्ला, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, सुबोध कुमार, शोभा कुमारी, वीरेन्द्र प्रजापति, सुबोध कुमार केशरी, प्रधानाध्यापक खुशदिल सिंह, द्वारिका नाथ पाण्डेय, अविनाश कुमार सिन्हा, नीरज कुमार, नित्यानंद तिवारी, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुधीर चौबे, संजय कुमार, चन्द्रदेव राम, मनोज कुमार पांडेय, ममता कुमारी, तस्लीमा खातून, किरण कुमारी, पम्मा साह, अनुप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, अलीम अंसारी, मदन राम सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## पुलिस ने चार वर्षों से फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**रेहला :** पुलिस ने झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के 2022 से फरार अभियुक्त अमीन अंसारी के घर पहुंचकर इश्तेहार चिपकाकर उसे निर्धारित तिथि को कोर्ट में उपस्थित होने के लिये उसके परिजनों को हिदायत दी गई। फरार अभियुक्त अमीन अंसारी गढ़वा जिले के डंडाई थाने के गयाडीह (बैलाझाखरा) का निवासी है। पुलिस ने अभियुक्त के परिजनों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाकर उसे कोर्ट में उपस्थित होने की चेतावनी दी।

## महावीर नवयुवक दल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान, माल्यार्पण



**मेदिनीनगर :** श्री महावीर नवयुवक दल, जेनरल, मेदिनीनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंगल सिंह तथा महामंत्री मनोहर गुप्ता उर्फ लाली को श्री महावीर नवयुवक दल के पूर्व अध्यक्ष सह श्री राम सेना के राज्य प्रमुख पंकज जायसवाल एवं राम भक्तों द्वारा सम्मानित किया गया। शाहपुर स्थित विवेकानंद चौक पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पंकज कुमार जायसवाल और मंगल सिंह ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मंगल सिंह को पगड़ी, माला, हनुमान चालीसा एवं प्रतीकात्मक अस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं महामंत्री मनोहर गुप्ता उर्फ लाली को भी पगड़ी, माला और हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया तथा लड्डू प्रसाद खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की कामना की। कार्यक्रम में राम भक्त जितेन्द्र प्रसाद, संदीप कुमार दास, शशि भूषण मिश्रा, आकाश कुमार, अनित कुमार रवि, राजेन्द्र पासवान, विनय जायसवाल, सोनू जायसवाल, विकास चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, राजेश पासवान, धीरज जायसवाल और राहुल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हलवदार प्रसिद्धनाथ ने पुत्र चंदन की शादी के मौके पर असहायों को कराया भोजन

### कंबल व साड़ी भी बांटा

बंशीधर न्यूज



**सगमा :** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव निवासी झारखंड पुलिस में तैनात हवलदार प्रसिद्धनाथ प्रजापति ने अपने बड़े पुत्र चंदन प्रजापति की शादी के मौके पर असहाय निःशक्त दिव्यांगजनो को आमंत्रित कर भोजन के पश्चात करीब एक सौ एक जरूरतमंदों के बीच साड़ी कंबल का वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उस मौके पर उन्होंने कहा की शादी विवाह में अधिकांश लोग आमंत्रित कर लोगों को भोजन कराते हैं मगर समाज में असहाय लोगों के ऊपर किसी का निगाह नहीं रहता है। मगर भगवान भोले नाथ की प्रेरणा से जरूरतमंद लोगो को भोजन कराना इसके साथ सभी को वस्त्र प्रदान किया हूं मुझे आज अनुभव हो रहा है की असली भगवान तो समाज में रहने वाले निःशक्त लोग होते हैं। इसके साथ प्रसिद्ध प्रजापति ने बताया की मुझे तो इस पल को देख कर अपार खुशी मिल रही है जिसका मैं अपने मुख से बयान नहीं कर सकता हूं। इस प्रकार अपने पुत्र की शादी में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर प्रसिद्ध नाथ ने क्षेत्र में एक मिशाल कायम किया है। इस तरह के कार्यक्रम से अन्य लोगो को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। शादी के शुभ अवसर पर उक्त आयोजन करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

## सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं: आशुतोष तिवारी



**मेदिनीनगर :** ठाकुरबाड़ी मंदिर, रेड़मा परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हम पार्टी (सेक्युलर) के पलामू जिला अध्यक्ष व युवा समाजसेवी आशुतोष कुमार तिवारी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन उसे पराजित नहीं किया जा सकता। श्री तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण सदर सीओ द्वारा द्वेषपूर्ण भावना से फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था, लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई और न्यायालय ने उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि जेल जाने से वे डरे नहीं, बल्कि इससे उनके भीतर समाज के लिए काम करने की नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब वे दुगुनी ताकत और संकल्प के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएंगे, ताकि आम लोगों को ब्लॉक, कचहरी, अस्पताल और अन्य सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत दिए बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें फंसाने के लिए एससी/एसटी का दुरुपयोग किया गया, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मानहानि का दावा भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेल में रहने के दौरान उन्होंने भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों की जीवनी पढ़ी, जिससे समाज कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि अब चाहे कितनी भी बार जेल क्यों न जाना पड़े, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। मौके पर मुकेश पाठक वारिस आलम, समाजसेवी राजमुनी तिवारी, राजेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला, अमर कुमार मिश्रा, राकेश शर्मा, सत्यम दुबे उर्फ ऋषु दुबे, चंदन कुमार भुइयां, सद्दाम हुसैन समेत कई कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## श्रीरामनवमी पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर 30 गांव के रामभक्तों की हुई बैठक

# 28 को विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय

बंशीधर न्यूज



**पांडू :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की ओर से महावीर मंदिर के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष सह भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र के करीब 30 गांवों की पूजा समितियों के पदाधिकारी शामिल हुये। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी श्रीरामनवमी पूजा महोत्सव का 19 वां अधिवेशन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। कार्यक्रम के तहत 28 मार्च को सभी 30 गांवों के महावीरी झंडों का मिलान किया जायेगा तथा भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न झांकियों और आकर्षक झंडा प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। रात्रि में चैता दुगोला एवं भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें भोजपुरी के मशहूर गायक व्यास प्रभुनाथ तिवारी तथा उत्तर प्रदेश की महिला लोकगायिका निर्मला देवी यादव के बीच सांस्कृतिक गायन मुकाबला होगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिये विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक का संचालन महासमिति के सचिव जवाहर पासवान ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सत्यनारायण सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पप्पू सिंह, अजय राम, सतीश पासवान, कृष्णा विश्वकर्मा, चंदन यादव, विपिन चौधरी, सुनील पाल, लवकुमार विश्वकर्मा, संजय पासवान, सुनील राम, पिंटू चौधरी, यमुना भुईयां, मुखलाल अशोक, रामदेव शर्मा, भीम सिंह, विष्णुदेव दनका, मनोज गुप्ता, बीना सिंह, रामनंदन राम, राजेश्वर साहू, बाबूलाल समेत कई लोग मौजूद थे।



## फैन के पोस्ट पर रश्मिका का दिल छू लेने वाला जवाब

हाल ही में शादी के बंधन में बंधे दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। दोनों ने 26 फरवरी को उदयपुर में एक निजी समारोह में शादी रचाई थी। इसके बाद 4 मार्च को नवविवाहित जोड़े ने एक भव्य रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया, जिसमें फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। शादी के बाद से ही रश्मिका और विजय सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस बीच एक प्रशंसक द्वारा लिखा गया भावुक पोस्ट अभिनेत्री को इतना छू गया कि उन्होंने खुद उसका जवाब देकर आभार व्यक्त किया। प्रशंसक ने अपने पोस्ट में रश्मिका और विजय की प्रेम कहानी की सराहना करते हुए उनके रिश्ते को प्रेरणादायक बताया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रश्मिका ने लिखा, मेरे बारे में कुछ लिखा हुआ पढ़कर मैं इतने लंबे समय में कभी भावुक नहीं हुई। कहने को बहुत कुछ है, पर कह नहीं पा रही। मैं अपनी जगह बना रही हूं और इस सफर के लिए बहुत आभारी हूं। इसे समझने के लिए धन्यवाद। प्यार के बारे में इतना कह सकती हूं, ऐसा प्यार पाओ जो तुम्हें आजाद कर दे। रश्मिका और विजय की प्रेम कहानी फिल्मी सेट से शुरू हुई थी। दोनों ने साथ में सुपरहिट फिल्में गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड में काम किया था, जिसके बाद से ही उनकी जोड़ी दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई। अब शादी के बाद यह जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म रंबबलि जल्द रिलीज के लिए तैयार है।

## यश राज फिल्म्स की 'अल्फा' 10 जुलाई को होगी रिलीज




यश राज फिल्म्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर 'अल्फा' की थिएट्रिकल रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट अभिनीत यह फिल्म इस साल 10 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही यश राज फिल्म्स, आलिया भट्ट और शर्वरी ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया टीजर पोस्टर भी शेयर किया है। इस पोस्टर में आलिया भट्ट एक बिल्कुल अलग और बेहद दमदार एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। उनके चेहरे और शरीर पर चोटों तथा कट के निशान दिखाई दे रहे हैं, जो किसी खतरनाक और खूनखराबे वाली भिड़ंत के बाद की स्थिति का संकेत देते हैं। पोस्टर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट के साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती अभिनेत्री शर्वरी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अनिल कपूर और बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण किरदारों में दिखाई देंगे। फिल्म की कहानी में आलिया और शर्वरी का आमना-सामना बॉबी देओल से होगा, जहां दोनों अभिनेत्रियां एक तीव्र और क्रूर टकराव में नजर आएंगी। यह फिल्म कई मायनों में खास मानी जा रही है। 'अल्फा' आलिया भट्ट की यश राज फिल्म्स के साथ पहली फिल्म है। साथ ही इसे भारत की पहली महिला-प्रधान पूर्ण एक्शन फिल्मों में से एक बताया जा रहा है, जिसमें आलिया और शर्वरी ऐसे एक्शन सीक्वेंस करती नजर आएंगी, जैसा बड़े पर्दे पर अभिनेत्रियों के साथ पहले कम ही देखने को मिला है। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है, जिन्होंने इससे पहले यश राज फिल्म्स की चर्चित वेब सीरीज द रेलवे मेन का निर्देशन किया था। इस फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है।



## मध्य प्रदेश : चंबल घाटी के कूनो में जन्मे पांच चीता शावक, चीतों की संख्या हुई 53, तीसरी बार मां बनी चीता ज्वाला..

## लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को विपक्षी सदस्यों के पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष पर चर्चा कराने की मांग को लेकर किए गए हंगामे के कारण पहले दो बार स्थगित होने के बाद मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया में तनाव, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। इस कारण सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न 03 बजे फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव का भारत की ऊर्जा सुरक्षा और विदेशों में रह रहे भारतीयों पर असर पड़ सकता है, इसलिए सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा नारे लगाए जाने पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी सदस्यों से बार-बार शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्थिति स्पष्ट कर दी है और भारतीयों की सुरक्षा तथा ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आवश्यक कदमों की जानकारी भी दी है।सरकार की ओर से कहा गया कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है और इस पर चर्चा करने के लिए सदन तैयार है, लेकिन विपक्ष ने दूसरा प्रस्ताव पेश किया, जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। इसके बाद लगातार हंगामे और नारेबाजी के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी।

# प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो एससी मिश्रा का निधन, शिक्षा के क्षेत्र में आई शून्यता

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू के प्रख्यात शिक्षाविद्, साहित्यकार और समाजसेवी प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा का रविवार देर रात करीब एक बजे निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे और पिछले करीब सात महीनों से उम्रजनित बीमारी से पीड़ित थे। रविवार शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन दी गई। देर रात उन्होंने मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन के समय उनके दोनों पुत्र प्रभात कुमार मिश्र सुमन और हेमंत कुमार मिश्र गुड्डू सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। सोमवार को दोपहर करीब एक बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम संस्कार मेदिनीनगर के कोयल नदी तट स्थित महाराजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में शहर के कई गणमान्य लोग, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और उनके शुभचिंतक शामिल हुए। प्रो. मिश्रा के निधन की खबर फैलते ही सोमवार सुबह से ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए, वहीं कई लोग श्मशान घाट पर भी मौजूद रहे। इसके अलावा कई लोगों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने जताया शोक

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता शशिभूषण पाठक, सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. कमलाकांत मिश्र, प्रो. डीएस श्रीवास्तव, डॉ. वीवी पांडेय, डॉ. मनोज पाठक, मेदिनीनगर की मेयर अरुणा शंकर, पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर, सामाजिक कार्यकर्ता कौशिक मल्लिक, साहित्यकार सुरेंद्र प्रसाद मिश्र समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की।

### शिक्षा और समाजसेवा में रहा महत्वपूर्ण योगदान

प्रो. एससी मिश्रा मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के पंडुका गांव के निवासी थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पलामू के चैनपुर प्रखंड के पनेरीबांध गांव स्थित अपने ननिहाल में हुई। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई प्रयागराज के यमुना स्कूल, मेदिनीनगर के ब्राह्मण विद्यालय, रांची कॉलेज और रांची विश्वविद्यालय से पूरी की। अंग्रेजी विषय में एमए करने के बाद वर्ष 1967 में मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज में लेक्चरर के रूप में अपने शिक्षण जीवन की शुरूआत की। लंबे समय तक विश्वविद्यालय प्राध्यापक के रूप में सेवा देने के बाद वे 2007 में सेवानिवृत्त हुए।

## सब के आस सुभाष मेरे पथ प्रदर्शक व प्रेरणा श्रोत थे : अविनाश देव

**मेदिनीनगर :** प्रो. एस सी मिश्रा के निधन पर संत मरियम विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दो मिनट का मौन धारण कर प्रो एस सी मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिश्रा सर बच्चों से बहुत स्नेह करते थे। जीएलए कॉलेज में वे अंग्रेजी के शिक्षक थे किंतु हिंदी साहित्य में उनकी ख्याति थी। संस्कृत के विद्वान थे और साहित्यिक मंचों पर उनकी प्रतिष्ठा थी। उनका व्यक्तित्व कृतित्व अतुलनीय था एक कुशल वक्ता, उत्कृष्ट लेखक और बेहतरीन खिलाड़ी भी थे। क्रिकेट तो उनका प्रिय था ही 90 के दशक में पलामू महिला फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन कर इतिहास रच दिया था। उनकी लोकप्रियता उन पर केंद्रित किताब सब की आस सुभाष में देखी जा सकती है। रेडियो में दिए इंटरव्यू का संकलन कोयल की धारा उनकी लोकप्रियता की गवाह है। जब दुनिया में वे नहीं रहे तब उनकी महत्ता और बढ़ गई उनके कही एक एक बात याद आ रही है। वे हमारे प्रेरणा पुरुष थे, मार्ग दर्शक थे, अंधेरा के बीच रौशनी थे, हिम्मत थे। इस शहर के शान और साहित्यिक समाज के जान थे उनके बैगर अब हर बौद्धिक मंच अधूरा लगेगा। शिक्षा जगत से जुड़े लोग सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता उनके निधन से मर्माहत हैं।



### पलामू डीसी ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

# राजस्व वसूली में तेजी लाने का अधिकारियों को दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी समीरा एस ने समाहरणालय में राजस्व से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व संग्रहण की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राजस्व वसूली में तेजी लाने और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। डीसी ने विभिन्न विभागों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक की गई वसूली की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने को कहा। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग को 58,433.31 लाख रुपये का वार्षिक लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 14,517.10 लाख रुपये की वसूली हुई है। उन्होंने खान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली तेज करने तथा अगली बैठक में रॉयल्टी और पेनाल्टी का अलग-अलग विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग को 7,608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 7,587.61 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। वहीं मोटरयान निरीक्षक पलामू को प्राप्त 449 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 296.08 लाख रुपये की वसूली हुई है। उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि विभाग को 16,759.50 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध फरवरी तक 14,812.88 लाख रुपये की राजस्व वसूली की जा चुकी है। इस पर डीसी ने अवैध शराब और अन्य गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। मेदिनीनगर नगर निगम के राजस्व संग्रहण की भी समीक्षा की गई। निगम को 1,560.55 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 1,185.76 लाख रुपये यानी करीब 76 प्रतिशत राजस्व की वसूली की जा चुकी है। बैठक में एसी कुंदन कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ, सहायक समाहर्ता, तीनों डीसीएलआर, सभी सीओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)